# KHAN GLOBAL STUDIES

## BPSC 69th (PT) TEST- 03

पुस्तिका श्रृंखला

**F**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

समय : 2 घण्टे

**सामान्य अध्ययन**

पूर्णांक : 150

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

**महत्त्वपूर्ण अनुदेश**

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल 150 प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु ( पृष्ठ संख्या 16 ) सहित पूरे 16 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
4. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अगल से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
6. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं और अंकित है, से सम्बन्धित कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर प्रत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
7. इस पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक के पाँच उत्तर–(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही केवल एक उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने पाँच वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं–(A), (B), (C), (D) और (E)। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करे। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए गलत उत्तर/एक से अधिक उत्तर देने के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-चौथाई** अंक दण्ड के रूप में काटा जायेगा।
10. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है।
11. प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
12. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।

# KHAN GLOBAL STUDIES

## BPSC 69th Prelims

English & Hindi Medium

Online & Offline mode

# TEST SERIES

With bilingual explanation

नए पैटर्न पर आधारित

## BPSC 69th Prelims Test Series (Complete Schedule)

| | | |
|---|---|---|
| Test-01<br>14-May-2023 (Full Length) | Test-02<br>21-May-2023 (Indian Polity) | Test-03<br>28-May-2023 (Ind. Economy) |
| Test-04<br>04-June-2023 (Ancient History) | Test-05<br>11-June-2023 (Medieval History) | Test-06<br>18-June-2023 (Modern History) |
| Test-07<br>25-June-2023 (Ind. Geog.) | Test-08<br>02-July-2023 (World Geog.) | Test-09<br>09-July-2023 (Eco. Survey)<br>(India + Bihar) |
| Test-10<br>16-July-2023 (Current Aff.)<br>(Aug '22 - July '23) | Test-11<br>23-July-2023 (Full Length) | Test-12<br>30-July-2023 (Gen. Science) |
| Test-13<br>06-Aug-2023 (Full Length) | Test-14<br>13-Aug-2023 (Bihar Special) | Test-15<br>20-Aug-2023 (Full Length) |
| Test-16<br>27-Aug-2023 (Full Length) | Test-17<br>03-Sep-2023 (Current Aff.)<br>(Aug '22 - Aug '23) | Test-18<br>10-Sep-2023 (Full Length) |
| Test-19<br>17-Sep-2023 (Full Length) | Test-20<br>24-Sep-2023 (Full Length) | Test Time : 04 PM |

**1.** पद 'राष्ट्रीय आय' निरूपित करता है।
(A) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद, मूल्य ह्रास घटाकर
(B) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद, मूल्य ह्रास घटाकर, विदेश से प्राप्त निवल कारक आय जोड़कर
(C) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद, मूल्य ह्रास और अप्रत्यक्ष करों को घटाकर, उपदान जोड़कर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** किस पंचवर्षीय योजना के दौरान आपातकाल लगाया गया था, नए चुनाव हुए थे और जनता पार्टी चुनी गई थी ?
(A) तीसरी (B) चौथी
(C) पाँचवीं
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** 11वीं पंचवर्षीय योजना में निरूपित समावेशी विकास निम्नलिखित में से किस एक को सम्मिलित नहीं किया?
(A) गरीबी में कमी लाना
(B) रोजगार अवसरों का विस्तार करना
(C) पूँजी बाजार का सशक्तीकरण करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, 'खुला बाजार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है?
(A) अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना
(B) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना
(C) RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिए
1. बैंक दर
2. खुली बाजार कार्रवाई (ओपेन मार्केट ऑपरेशन)
3. लोक ऋण (पब्लिक डेब्ट)
4. लोक राजस्व (पब्लिक रेवेन्यू)
उपरोक्त में से कौन-सा/से मौद्रिक नीति का/के घटक है/हैं?
(A) केवल 1 (B) 1 और 2
(C) 2, 3 और 4 (D) 1, 3 और 4

**6.** भारत में मुद्रास्फीति मापी जाती है
(A) थोक मूल्य सूचकांक द्वारा
(B) शहरी गैर - कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा
(C) कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** भारतीय रिजर्व बैंक का लेखा वर्ष है
(A) अप्रैल-मार्च
(B) जुलाई-जून
(C) अक्टूबर - सितम्बर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** निम्नलिखित समितियों में से किसने वित्तीय क्षेत्र के सुधारों के बारे में विचार कर सुझाव दिए?
(A) आबिद हुसैन समिति
(B) भगवती समिति
(C) चेलैया समिति
(D) नरसिंहम समिति

**9.** किसी कम्पनी के डिबेंचर धारक उसके
(A) शेयरधारक होते हैं
(B) लेनदार होते हैं
(C) देनदार होते हैं
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सी मुद्रा / मुद्राएँ कृत्रिम समझी जाती है / हैं।
(A) ADR
(B) GDR
(C) SDR
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** भारतीय रिजर्व बैंक के बैंक दर कम करने के फलस्वरूप
(A) बाजार की तरलता बढ़ जाती है।
(B) बाजार की तरलता घट जाती है।
(C) बाजार की तरलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित उपायों में से किसके / किनके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी ?
1. केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय
2. लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों में जमा की गई करेन्सी ।
3. सरकार द्वारा केन्द्रीय बैंक से लिया गया ऋण ।
4. केन्द्रीय बैंक द्वारा लोगों को सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय ।

**कूट**
(A) केवल 1 (B) 2 और 4
(C) 1 और 3 (D) 2, 3 और 4

**13.** जोखिम पूँजी से क्या तात्पर्य है?
(A) उद्योगों को उपलब्ध कराई गई अल्पकालीन पूँजी
(B) नए उद्यमियों को उपलब्ध कराई गई दीर्घकालीन प्रारम्भिक पूँजी
(C) उद्योगों को हानि उठाते समय उपलब्ध कराई गई निधियाँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** निम्नलिखित में से कौन 'औद्योगिक कर्मकारों के लिए उपभोक्ता कीमत सूचकांक' निकालता है ?
(A) भारतीय रिजर्व बैंक (B) आर्थिक कार्य विभाग
(C) श्रम ब्यूरो
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों का चयन कौन करता है?
(A) बैंक्स बोर्ड ब्यूरो
(B) भारतीय रिजर्व बैंक
(C) केन्द्रीय वित्त मन्त्रालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** भारत सरकार ने नीति (NITI) आयोग की स्थापना निम्नलिखित में से किसका स्थान लेने के लिए की है ?
(A) मानव अधिकार आयोग (B) वित्त आयोग
(C) विधि आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(A) यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है।
(B) यह केवल विकसित देशों को ऋण प्रदान कर सकता है।
(C) यह केवल सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** 'पीएम गतिशक्ति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. पीएम गतिशक्ति बहुविध कनेक्टिविटी के लिये एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान है।
2. यह नियोजन और कार्यान्वयन के लिये विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाने का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**19.** 'उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक)' योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय विमान संपर्क निधि (RCF) बनाई गई थी, जो योजना की व्यवहार्यता अंतराल निधि (VGF) आवश्यकताओं को कोष प्रदान करता है।
2. यह योजना देश के टियर-2 और 3 शहरों के बीच कनेक्टिविटी पर केंद्रित है।
3. यह अंतर्राष्ट्रीय उड्डयन बाजार के विकास को भी बढ़ावा दे रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) 1 और 3 (D) 1, 2 और 3

**20.** भारतीय रेलवे (IR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारतीय रेलवे (प्) दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है।
2. रेलवे के बुनियादी ढाँचे में पिछले चार वर्षों में कोविड-19 के कारण पूंजीगत व्यय में गिरावट आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**21.** निम्नलिखित में से कौन-से क्षेत्र राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन के अंतर्गत आते हैं?
(A) परिवहन, आवास, वाणिज्यिक विकास, दूरसंचार और स्वच्छता
(B) स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, ऊर्जा और पर्यटन
(C) प्रौद्योगिकी, मनोरंजन, मीडिया, वित्त और विनिर्माण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया इंटरनेशनल (NPCIL) के नेतृत्व में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) ने भारत में भुगतान परिदृश्य को बदल दिया है।
2. डिजिटल परिवर्तन ने व्यापार प्रक्रियाओं और संगठनात्मक संरचनाओं के पुनर्विचार को सक्षम बनाया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही 2

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा /से कथन सही नहीं है / हैं?
1. GST सहाय प्लेटफॉर्म GSTN द्वारा, करदाताओं को GST से संबंधित उनकी चिंताओं और प्रश्नों को दूर करने में सहायता करने के लिये, बनाया गया था।
2. GSTN को एक गैर-लाभकारी, सार्वजनिक-निजी भागीदारी कंपनी के रूप में स्थापित किया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**24.** निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थव्यवस्था पर बढ़े हुए अवसंरचनात्मक निवेश के प्रभाव को दर्शाता है?
1. यह आर्थिक विकास में गिरावट का कारण बन सकता है।
2. यह अर्थव्यवस्था की संभावित वृद्धि को एक महत्वपूर्ण गति प्रदान कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 न ही 2

**25.** वित्तीय वर्ष 2023 के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों (G&Sec) की व्यापार की मात्रा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. द्वितीयक बाजार में विदेशी बैंक उच्चतम व्यापारिक खंड के रूप में उभरे।
2. निवल आधार पर, विदेशी बैंक और प्राथमिक व्यापारी शुद्ध विक्रेता थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

**26.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. थोक मूल्य मुद्रास्फीति (WPI) और उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति (CPI) में विचलन था परंतु बाद में इसने रेखाओं की प्रगति की प्रवृत्ति को अपनाया।
2. आयातित लागत के प्रभाव तथा दो सूचकांकों के सापेक्ष भार में अंतर इन्हीं प्रवृत्तियों के कारण थे।
3. WPI में हो रही गिरावट की अवधि में ब्च्प् ऊपर की ओर बढ़ रही थी । ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?
(A) केवल 1 और 3 (B) केवल 2 और 3
(C) 1, 2 और 3
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**27.** भारत के विदेशी क्षेत्र के लचीलेपन में सुधार हेतु क्या उपाय किये जा रहे हैं?
(A) मुक्त व्यापार समझौते
(B) भारतीय रुपए में अंतर्राष्ट्रीय समझौते
(C) राष्ट्रीय रसद नीति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. भारत में सबसे बड़ी प्रवासी आबादी है, यह शीर्ष प्रेषण प्राप्तकर्त्ता देश है।
2. प्रेषण बाह्य वित्तपोषण का सबसे बड़ा प्रमुख स्रोत हैं।
3. खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) देशों में कार्यरत कौशलहीन, अनौपचारिक रूप से रोजगार प्राप्त भारतीय प्रवासियों के यूनाइटेड किंगडम, पूर्वी एशिया तथा संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे उच्च आय वाले देशों ( जहाँ उच्च-कुशल नौकरियों का एक प्रमुख हिस्सा है) में स्थानांतरण से इनके प्रमुख गंतव्यों में एक क्रमिक संरचनात्मक बदलाव हुआ और प्रेषण लाभ में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 1 और 3 (D) उपरोक्त सभी

**29.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा वह मुद्रा है जो जारी करने वाले देश की सीमाओं से परे भी उपयोग की जाती है। यह मुद्रा न केवल उस देश निवासियों, बल्कि गैर-निवासियों के मध्य भी लेनदेन के लिये महत्त्वपूर्ण होती है।
2. हाल ही में, RBI ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में भारतीय रुपए (INR) में वैश्विक व्यापारिक समुदाय की रुचि बढ़ाने के लिये भारतीय रुपए (INR) में इनवॉइस, भुगतान और निर्यात / आयात के समझोते के लिये एक अतिरिक्त व्यवस्था की अनुमति दी है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 न ही

**30.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारतीय रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 2018 को आधार वर्ष मानते हुए दो आवास मूल्य सूचकांक प्रकाशित करता है।
2. देश के सभी आठ प्रमुख महानगरों ने वार्षिक आधार पर सूचकांक में वृद्धि प्रदर्शित की।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**31.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. वित्तीय वर्ष 2023 में वित्त वर्ष 2022 की तुलना में ग्रामीण- शहरी मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति उलटी है।
2. वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान ग्रामीण ईंधन मुद्रास्फीति शहरी मुद्रास्फीति की तुलना में कम रही।
3. वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रामीण तथा शहरी मुद्रास्फीति के बीच व्यापक अंतर देखा गया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2 और 3
(C) 1, 2 और 3
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**32.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
1. वित्त वर्ष 2023 में, खुदरा मुद्रास्फीति मुख्य रूप से उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से प्रेरित थी जबकि मूल मुद्रास्फीति मध्यम स्तर पर रही।
2. हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य और पेय पदार्थ, कपड़े, जूते, ईंधन तथा प्रकाश का सबसे कम योगदान था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**33.** समाज के कमजोर वर्ग पर मुद्रास्फीति और आपूर्ति की कमी के प्रभाव को कम करने के लिये सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा / से आवश्यक कदम उठाए गए थे / थे?
1. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का शुभारंभ किया।
2. बफर स्टॉक बनाए रखना और दालों पर आयात शुल्क तथा उपकर में कमी।
3. विभिन्न देशों द्वारा निर्यात कर की वसूली में वृद्धि ।
4. स्सोया मीलश को एक आवश्यक वस्तु घोषित किया।
निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर दीजिये:
(A) केवल 1, 2 और 3 (B) केवल 2, 3 और 4
(C) केवल 1, 2 और 4
(D) सभी

**34.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. भारत, अपने खाद्य तेलों की 60% मांग को आयात के माध्यम से पूरा करता है तथा सूरजमुखी का तेल हमारे कुल खाद्य तेल आयात का 15% है।
2. पिछले 5 वर्षों में खाद्य तेल की मात्रा और मूल्य में लगातार वृद्धि हुई है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) 1 और 2 दोनों
(D) न तो 1 और न ही 2

**35.** भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था का अर्थ है-
(A) वृहद एवं कुटीर उद्योग का सह-अस्तित्व
(B) आर्थिक विकास में विदेशों का सहयोग
(C) सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र का सह-अस्तित्व
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** भारतीय अर्थव्यवस्था वर्णित की जा सकती है-
(A) एक पिछड़ी एवं गतिहीन अर्थव्यवस्था
(B) एक विकासशील अर्थव्यवस्था
(C) एक अर्द्धविकसित अर्थव्यवस्था
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** यदि एक दी हुई समयावधि में कीमतें तथा मौद्रिक आय दोनों दोगुनी हो जाएं, तो वास्तविक आय-
(A) दोगुनी हो जाएगी। (B) आधी रह जाएगी।
(C) अपरिवर्तित रहेगी।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** हिंदू वृद्धि दर किस वृद्धि दर से संबंधित है ?
(A) प्रति व्यक्ति आय (B) राष्ट्रीय आय
(C) जनसंख्या
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** 1991 में नई आर्थिक नीति में अपनाई गई मुख्य रणनीति थी ?
(A) उदारीकरण (B) निजीकरण
(C) वैश्वीकरण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण का अग्रदूत (पायनियर) किसको कहा जाता है ?
(A) डॉ. मनमोहन सिंह (B) पी. वी. नरसिम्हा राव
(C) डॉ. बिमल जालान
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41.** 1867-68 में भारत में प्रति व्यक्ति आय 20 रुपये थी, अभिनिश्चित किया- यह सर्वप्रथम
(A) एम. जी. रानाडे ने (B) सर डब्ल्यू. हंटर ने
(C) आर. सी. दत्त ने
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** किस अर्थशास्त्री ने भारत में सबसे पहले वैज्ञानिक दृष्टि से राष्ट्रीय आय की गणना की ?
(A) डी.आर. गाडगिल (B) वी.के.आर.वी. राव
(C) मनमोहन सिंह
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** भारत में राष्ट्रीय आय समंकों का आकलन किया जाता है-
(A) योजना आयोग द्वारा (B) वित्त आयोग द्वारा
(C) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** भारत का आर्थिक सर्वेक्षण, प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर प्रकाशित किया जाता है-
(A) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा
(B) भारतीय योजना आयोग द्वारा
(C) भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** भारत की राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान है लगभग-
(A) 20 प्रतिशत (B) 25 प्रतिशत
(C) 30 प्रतिशत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** 'किसान क्रेडिट कार्ड' योजना के अंतर्गत निम्नलिखित में से किन- किन उद्देश्यों के लिए कृषकों को अल्पकालीन ऋण समर्थन उपलब्ध कराया जाता है?
1. फार्म परिसंपत्तियों के रख-रखाव हेतु कार्यशील पूंजी के लिए
2. कम्बाइन कटाई मशीनों, ट्रैक्टरों एवं मिनी ट्रकों के क्रय के लिए
3. फार्म परिवारों की उपभोग आवश्यकताओं के लिए
4. फसल कटाई के बाद के खर्चों के लिए
5. परिवार के लिए घर निर्माण तथा गांव में शीतागार सुविधा की स्थापना के लिए
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
(A) केवल 1, 2 और 5 (B) केवल 1, 3 और 4
(C) केवल 2, 3, 4 और 5
(D) 1, 2, 3, 4 और 5

**47.** न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारक है-
(A) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
(B) राज्य सरकार
(C) कृषि लागत एवं मूल्य आयोग
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** भारत में 8 कोर सेक्टर में किसे शामिल नहीं किया गया है ?
(A) कोयला (B) उर्वरक
(C) विद्युत
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक अंशदान करता है?
(A) कृषि एवं संबद्ध क्रियाएं
(B) सेवाएं
(C) विद्युत, गैस और जल आपूर्ति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** नीति आयोग अस्तित्व में कब आया?
(A) 1 जनवरी, 2014 (B) 1 जून, 2014
(C) 1 जनवरी, 2015
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** भारत में निम्नलिखित पांच वर्षीय योजनाओं में किसका मुख्य ध्येय 'सम्पोषणीय वृद्धि' था?
(A) 10वीं (B) 11वीं
(C) 12वीं
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** पिछड़े देशों के लिए 'रोलिंग प्लान' का सुझाव किसके द्वारा किया गया था?
(A) जी. मिर्डल द्वारा (B) डब्ल्यू. ए. लेविस द्वारा
(C) आर. नर्कसे द्वारा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** 'नेशनल प्लानिंग कमेटी' का गठन किया-
(A) जवाहरलाल नेहरू (B) ए. दलाल
(C) सुभाषचंद्र बोस
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** भारत में अनवरत योजना' किस वर्ष में कार्यशील थी?
(A) 1968-69 (B) 1978-80
(C) 1988-89
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा /से कथन सही है/हैं ?
1. दूसरी पंचवर्षीय योजना से बुनियादी तथा पूंजीगत वस्तु उद्योगों के प्रतिस्थापन की दिशा में निश्चयात्मक जोर दिया गया।
2. चौथी पंचवर्षीय योजना में संपत्ति तथा आर्थिक शक्ति के बढ़ते संकेंद्रण की पूर्व प्रवृत्ति के सुधार का उद्देश्य अपनाया गया।
3. पांचवीं पंचवर्षीय योजना में, पहली बार वित्तीय क्षेत्रक को योजना के अभिन्न अंग के रूप में शामिल किया गया।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए ।
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3
(C) केवल 2
(D) 1, 2 और 3

**56.** 'ऑपरेशन ट्विस्ट' के संबंध में सही कथन चुनें।
(A) इसमें केन्द्रीय बैंक दीर्घकालीन प्रतिभूतियों को बैंकों से खरीदती है।
(B) यह US पद्धति पर आधारित है।
(C) इसे दीर्घकालीन ब्याज-दरों को कम करने के लिए प्रयोग किया जाता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** निम्न में से किसके अंतर्गत केन्द्रीय बैंक अल्पकालीन प्रतिभूतियों को खरीदते हैं एवं दीर्घकालीन प्रतिभूतियों को बेचते हैं।
(A) Operation
(B) Switch Operation
(C) Long Term Repo operation
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** सरकार को घाटा जब एक तय-सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे क्या कहते हैं।
(A) राजकोषीय फिसलन (B) राजकोषीय अनुशासन
(C) बाजार स्थिरीकरण योजना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** LTRO (Long Term Repo Operation) के संबंध में गलत कथन पर विचार करें।
(A) इसका प्रयोग बैंक/मार्केट में तरलता को बढ़ाने हेतु
(B) वर्ष 2020 से प्रारंभ
(C) इसे सर्वप्रथम यूरोपियन केन्द्रीय बैंक ने प्रयोग किया था।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** बाजार स्थिरीकरण योजना कब प्रारंभ किया गया था।
(A) 2001 (B) 2004
(C) 2008
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** 'हेलीकॉप्टर मुद्रा' सिद्धांत किसके द्वारा दिया गया था।
(A) मिल्टन फ्रिडमैन (B) जे.एम. किंस
(C) जैफरीज
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** वाणिज्यिक बैंक जिस दर पर अपने ग्राहकों को ऋण देता है वह दर किसके द्वारा तय किया जाता है।
(A) स्वयं वाणिज्यिक बैंक
(B) RBI
(C) वित्त सचिव
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63.** मौद्रिक नीति उपकरण 'स्थायी जमा सुविधा' कब से प्रारंभ किया गया है।
(A) 2020 (B) 2021
(C) 2022
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** सोने के आयात में कमी कर देश के चालू खाते के घाटे को सीमित करने के उद्देश्य हेतु 'सार्वभौम स्वर्ण ब्राण्ड योजना' कब प्रारंभ की गई।
(A) 9 सितम्बर 2015 (B) 16 सितम्बर 2015
(C) 17 सितम्बर
(D) उपर्युक्त में सdसे एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** IMF (International Monetary Fund) से संबंधित गलत कथन चुनें।
(A) इसकी स्थापना 1945 ई० में।
(B) मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी.।
(C) कुल सदस्य देश 189
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार करें।
(i) बैंक दर
(ii) खुली बाजार कार्यवाही
(iii) लोक ऋण
(iv) लोक राजस्व
उपर्युक्त में से कौन-सा घटक मौद्रिक नीति से संबंधित है-
(A) केवल (i)
(B) केवल (i) और (ii)
(C) (ii), (iii) और (iv)
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** निम्नांकित में से कौन मुद्रास्फीति के नियंत्रण की विधि नहीं है?
(A) मांग पर नियंत्रण
(B) मुद्रा की पूर्ति पर नियंत्रण
(C) ब्याज दर को कम करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'खुला बाजार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है?
(A) अनुसूचित बैंकों द्वारा आरबीआई से ऋण लेना।
(B) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना।
(C) आरबीआई द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा CRR में वृद्धि से-
(A) सरकार के ऋण में कमी आती है।
(B) अर्थव्यवस्था में मौद्रिक तरलता में कमी आती है।
(C) देश में अधिक विदेशी प्रत्यक्ष पूंजी निवेश आता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** जब भारतीय रिजर्व बैंक नकदी रिजर्व अनुपात (CRR) में वृद्धि की घोषणा करता है, तो इसका तात्पर्य क्या है?
(A) वाणिज्य बैंक के पास उधार देने के लिए कम मुद्रा होगी।
(B) RBI के पास उधार देने के लिए कम मुद्रा होगी।
(C) केन्द्र सरकार के पास उधार देने के लिए कम मुद्रा होगी।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71.** किसी अर्थव्यवस्था में यदि ब्याज की दर को घटाया जाता है तो वह-
(A) अर्थव्यवस्था में उपभोग व्यय घटेगा।
(B) सरकार के कर संग्रह को बढ़ाएगा।
(C) अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय को बढ़ाएगा।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'खुला बाजार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है?
(A) अनुसूचित बैंकों द्वारा आरबीआई से ऋण लेना।
(B) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना।
(C) आरबीआई द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73.** सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोत्तरी निम्नलिखित में से किन कारणों से हो सकती है?
(A) द्रव्य (वस्तु) की पूर्ति में वृद्धि
(B) प्रभावी मांग में वृद्धि
(C) उत्पादन के समग्र स्तर में गिरावट
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** बैंक दर में वृद्धि सामान्यत: इस बात का संकेत है कि-
(A) ब्याज की बाजार दर के गिराने की संभावना है।
(B) केंद्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्जे नहीं दे रहा।
(C) केंद्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** निम्न में से कौन औद्योगिक कर्मकारों के लिए उपभोक्ता कीमत सूचकांक निकालता है?
(A) भारतीय रिजर्व बैंक
(B) आर्थिक कार्य बैंक
(C) श्रम ब्यूरों
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** जब भारतीय रिजर्व बैंक वैधानिक नकदी अनुपात (SLR) को 50 आधार अंक (Basic Point) कम कर देता है तो निम्नलिखित में से क्या होने की सम्भावना होती है?
(A) भारत की GDP विकास दर प्रबलता से बढ़ेगी।
(B) विदेशी संस्थागत निवेशक हमारे देश में और अधिक पूँजी लाएँगे।
(C) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक अपने उधार देने की दर को घट सकते हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में निम्न कथनों में से कौन-सा सही है?
(A) यह RBI की मानक ब्याज दरों का निर्धारण करती है।
(B) यह एक 12 सदस्यीय निकाय है, जिसमें RBI के गवर्नर शामिल है तथा प्रत्येक वर्ष इसका पुनर्गठन किया जाता है।
(C) यह केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** वित्तिय वर्ष 2021-22 के तहत बिहार का आर्थिक विकास दर रहा है।
(A) 11.98% (B) 10.89%
(C) 10.98%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79.** बिहार सरकार ने वित्तिय समेकन के उद्देश्य से बजट वित्तिय वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में कितना प्रतिशत अनुमानित किया है।
(A) 2.98% (B) 3.47%
(C) 3.78%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** भारत में पूँजी बाजार पर निगरानी करने वाली संस्था है-
(A) SEBI (B) IRDA
(C) TRAI
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य वस्तुओं का भार कितना % होता है।
(A) 22.62%
(B) 46%
(C) 64.23%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** जिस प्रकार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में वस्तुओं एवं सेवाओं का मापन होता है उसी प्रकार थोक मूल्य सूचकांक में मापन होता है।
(A) केवल वस्तुओं का
(B) केवल सेवाओं का
(C) केवल रोजगार का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** भारत मे हेडलाइन मुद्रास्फीति आधारित होती है।
(A) उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (CFPI) पर
(B) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (ग्रामीण श्रमिक) पर
(C) थोक मूल्य सूचकांक पर
(D) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (संयुक्त) पर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** निम्न में से कौन सभी वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापते है जिसमें खाद्य एवं ईंधान भी शामिल है-
(A) कोर इनफ्लेशन (Coreinflation)
(B) स्केवफ्लेशन (Skewfaltion)
(C) हेड लाइन इनफ्लेशन (Head Line Inflation)
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** फिलीप वक्र (Phillips Curve) का संबंध है-
(A) वस्तु एवं सेवाओं (B) मुद्रास्फीति एवं बेरोजगारी
(C) बेरोजगारी एवं गरीबी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** फिलीप वक्र सिद्धांत के जनक है-
(A) A.W. फिलिप्स (B) K.M. फिलिप्स
(C) J.M. फिलिप्स
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**87.** मुद्रास्फीति एवं बेरोजगारी के बीच एक नकारात्मक संबंध दिखता है–
(A) कूजनेट्स वक्र
(B) लारेंज वक्र
(C) फिलीप वक्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** मुद्रास्फीति एवं बेरोजगारी के मध्य नकारात्मक संबंध है–
(A) दीर्घकालिक (B) अल्पकालिक
(C) दोनों
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** भारत (2014) में निर्माता मूल्य सूचकांक (PPT) के निर्माण की कार्यप्रणाली का निर्धारण करने के लिए कार्य समूह के अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन थे?
(A) सौमित्र चौधरी (B) अभिजीत सेन
(C) बीएन गोल्डर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** हाल ही में किस समिति ने पूर्ण मूल्य निर्धारण स्वतंत्रता की सिफारिश करते हुए गैस मूल्य निर्धारण पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है।
(A) किरीट पारिख समिति (B) अरूण गोयल समिति
(C) पी. के. मोहतं समिति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** वर्तमान में थोक मूल्य सूचकांक कितने उत्पादों के मूल्य के आधार पर तेयार किए जाते हैं।
(A) 679 (B) 697
(C) 976
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** थोक मूल्य सूचकांक में प्राथमिक श्रेणी के कुल कितने उत्पाद हैं–
(A) 416 (B) 147
(C) 117
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** कृषि एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष है–
(A) 1977-1978 (B) 1986-1987
(C) 1989-1990
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** चालु वर्ष 2023 को किसके लिए अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप मं विश्व भर में मनाया जा रहा है?
(A) चावल (B) गेहूँ
(C) पौष्टिक अनाज Millet
(D) खाद्यान्न
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** भारत में कर्मचारियों के महँगाई भत्ते का निर्धारण का आधार है?
(A) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (B) प्रति व्यक्ति आय
(C) राष्ट्रीय आय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**96.** विश्व का एकमात्र देश जो नवंबर 1929 में आए 'महामंदी' से प्रभावित नहीं हुआ था।
(A) अमेरिका (B) रूस
(C) कनाडा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** भारत में पहला थोक मूल्य सूचकांक 10 जनवरी 1942 से शुरू हुआ था, इसका आधार वर्ष था–
(A) 1933 (B) 1936
(C) 1939
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** किस समिति के आधार पर थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष 2011-12 कर दिया गया–
(A) सौमित्र चौधरी (B) अभिजित सेन
(C) अरूण गोयल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** MPC में सरकार के कितने सदस्य होते है।
(A) 3 (B) 4
(C) 2
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** खाद्य सूचकांक (WPI) किस वर्ष से जारी किया जाता है–
(A) 2017 (B) 2019
(C) 2020
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**101.** उपभोक्ता मूल्य संचकांक की गणना में सर्वाधिक भार किसका होता है–
(A) प्राकृतिक गैस (B) सेवा
(C) खाद्यय एवं पेय पदार्थ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** भारत में कब से मुद्रास्फीति की गणना थोक मूल्य सूचकांक से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर गणना की जाती है-
(A) 2011 (B) 2012
(C) 2014
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** औद्योगिक श्रामिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष क्या है?
(A) 2011 (B) 2014
(C) 2016
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के उपाय निम्न है।
(A) बैंक दर बढ़ाना
(B) बैंक दर कम करना
(C) CRR कम करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :-
(i) खाद्य वस्तुओं का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) में भार उनके 'थोक मूल्य सूचकांक (WPI) में दिए गए भार से अधिक है।
(ii) (WPI), सेवाओं के मूल्यों में होने वाले परिवर्तनों को नहीं पकड़ता जैसा कि CPI करता है।
(iii) भारतीय रिजर्व बैंक ने अब मुद्रास्फीति के मूख्य मान हेतु तथा प्रमुख नीतिगत दरों के निर्धारण और परिवर्तन हेतु WPI को अपना लिया है।
(A) (i) और (ii) (B) केवल (ii)
(C) केवल (iii) (D) (i), (ii) और (iii)
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** RBI के अनुसार वित्त वर्ष 2023 के लिए महंगाई दर कितनी रहेगी।
(A) 8.7% (B) 7.8%
(C) 6.8%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** बिहार राज्य के बजट 2023-24 में कुल व्यय का लगभग कितना प्रतिशत हिस्सा विकासात्मक व्यय पर रखा गया है।
(A) 79.37%
(B) 63.91%
(C) 71.79%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल बकाया ऋण का सकल घरेलू उत्पाद के कितना प्रतिशत रखने का लक्ष्य रखा गया है।
(A) 37.81% (B) 38.12%
(C) 40.4%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** केन्द्रीय बजट 2023-24 के अनुसार देश भर में कुल कितने नए नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे।
(A) 157 (B) 175
(C) 75
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** गोबरधन नामक योजना के तहत कुल कितने नए अपशिष्ट आमदनी संयंत्र स्थापित किए जांएगे।
(A) 100 (B) 500
(C) 1000
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**111.** वरिष्ठ नागरिक बचत खाता योजना में अधिकतम जमा की सीमा 15 लाख रुपये से बढ़ाकर कितने रुपये कर दी गई है।
(A) 20 लाख रुपये (B) 25 लाख रुपये
(C) 30 लाख रुपये
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** भारत के 'श्री अन्न' के लिए वैश्विक केन्द्र बनाने के उद्देश्य से किस शहर को भारतीय मोटा अनाज अनुसंधान संस्थान को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।
(A) हैदराबाद (B) लखनऊ
(C) फिरोजपुर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** किस शेयर बाजार का पुराना नाम Native Share & Stock Broker Association था।
(A) NSE (B) BSE
(C) NYSE
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** BSE के संदर्भ में सही कथन चुनें।
(A) इसकी स्थापना 1875 में हुई।
(B) इसमें टॉप 30 कंपनियाँ सूचीबद्ध होती है।
(C) इसके सूचकांक को SENSEX कहते हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**115.** NSE के संदर्भ में गलत कथन पर विचार करें।
(A) इसकी स्थापना 1992 में हुई।
(B) यह भारत का सबसे बड़ा शेयर बाजार है।
(C) इसके सूचकांक को NIFTY कहते हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** यदि किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति सीमित नहीं होगी तो . ................... उत्पन्न हो सकती है?
(A) मुद्रास्फीति (B) अवस्फीति
(C) पुनःस्फीति
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** भारत में मुद्रा आपूर्ति का मापन किसके द्वारा किया जाता है।
(A) सेबी (B) वित्त मंत्रालय
(C) आरबीआई
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** गलत कथन चुनें-
(A) चालू खाता में Company Firm का पैसा जमा होता है जबकि बचत खाता में आम लोगों का।
(B) बचत खाता में ब्याज मिलता है जबकि चालू खाता में ब्याज नहीं मिलता है।
(C) चालू खाता में Passbook की सुविधा होती है जबकि बचत खाता में Passbook की सुविधा नहीं होती है
(D) बचत खाता में overdraft की सुविधा नहीं होती है जबकि चालू खाता में overdraft की सुविधा होती है।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**119.** निम्न में से किस मद से बिहार राज्य को सर्वाधिक रुपया प्रापत होता है।
(A) केंद्र सरकार के अनुदान से
(B) केन्द्रीय करों में राज्य का अंश
(C) राज्य सरकार के कर राजस्व
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** बिहार सरकार अपने कुल राजस्व का सर्वाधिक व्यय किस क्षेत्र में करते हैं-
(A) सामाजिक सेवाएँ (B) आर्थिक सेवाएँ
(C) ऋण और पेंशनभोगी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**121.** आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार भारत का जीडीपीविकास दर वित्त वर्ष 2024 के लिए वास्तविक आधार पर कितना प्रतिशत रहेगी।
(A) 6% (B) 6.5%
(C) 8.7%
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**122.** बजट 2023 - 24 के अनुसार 5 जी सेवाओं पर आधारित एप्लीकेशन विकसित करने के लिए कुल कितने लैब्स स्थापित की जाएंगे।
(A) 50
(B) 75
(C) 100
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**123.** केन्द्रीय बजट 2023-24 में युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसर उपलब्ध कराने हेतु कितने स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।
(A) 30
(B) 50
(C) 75
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**124.** गिल्ट आधारित बाजार के मायने क्या हैं?
(A) सर्राफा बाजार
(B) सरकारी प्रतिभूतियों का बाजार
(C) शस्त्र बाजार
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**125.** निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक का कार्य नहीं है?
(A) लघु एवं सीमान्त कृषकों को साख प्रदान करना।
(B) ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य लोगों को साख प्रदान करना।
(C) अनुसूचित व्यापारिक बैंकों का पूरक होना।
(D) भारतीय कृषि पुनर्वित निगम के कार्यों को ले लेना।
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**126.** नरसिंहम समिति का सम्बन्ध है-
(A) बैंक क्षेत्र के सुधार में
(B) भारी उद्योगों के विकास में
(C) बीमा क्षेत्र के सुधार में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**127.** भारत सरकार के 14 बड़े व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण सर्वप्रथम किया :-
(A) वर्ष 1956 में (B) वर्ष 1959 में
(C) वर्ष 1969 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**128.** भारत के 'विनिवेश आयोग' का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
(A) जी.वी रामकृष्णा (B) सी. रंगराजन
(C) अरुण जेटली
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**129.** मई, 2017 में एक निर्णय लिया गया है कि थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष 2004-05 से हटाकर कर दिया जाए:
(A) वर्ष 2008-09 (B) वर्ष 200-10
(C) वर्ष 2010-11 (D) वर्ष 2011-12
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**130.** भारत में नकद कोष अनुपात में वृद्धि के लिए निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सत्य है?
(A) यह साख सृजन में वृद्धि करता है।
(B) यह साख सृजन को कम करता है।
(C) यह साख को प्रभावित नहीं करता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**131.** भारत में मुद्रा गुणक को परिभाषित किया जाता है-
(A) बृहद मुद्रा/आधार मुद्रा (B) बृहद मुद्रा/आरक्षित मुद्रा
(C) आरक्षित मुद्रा/आधार मुद्रा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**132.** निम्नलिखित में से कौन-सी पंचवर्षीय योजना सही नहीं है ?
(A) प्रथम- 1951-56
(B) द्वितीय - 1956-61
(C) तृतीय - 1961-66
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**133.** सामुदायिक विकास कार्यक्रम का प्रारम्भ किस वर्ष किया गया ?
(A) 1950 (B) 1952
(C) 1951
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**134.** आत्मनिर्भरता किसका मुख्य उदेश्य था ?
(A) चौथी योजना
(B) सातवीं योजना
(C) तीसरी योजना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**135.** किस पंचवर्षीय योजना में भारत की कृषि वृद्धि दर सर्वाधिक रही है ?
(A) नवी पंचवर्षीय योजना
(B) दसवीं पंचवर्षीय योजना
(C) चौथी पंचवर्षीय योजना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**136.** ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि में रोजगार के कितने नएं अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था ?
(A) 4 करोड़
(B) 5 करोड़
(C) 7 करोड़
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**137.** भारत के नीति आयोग के संबन्ध में कौन-सा कथन सही है?
(A) नीति आयोग के संबिधान में कोई उल्लेख नहीं है
(B) इसके सदस्यों एवं उपाध्यक्ष का कोई निश्चित कार्यकाल नहीं होता
(C) इसके सदस्यों के लिए कोई निश्चित योग्यता नहीं होती
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**138.** दो देशों के बीच में वस्तु विनियम को क्या कहा जाता है ?
(A) व्यापार शेष
(B) द्विपक्षीय व्यापार
(C) व्यापार परिमाण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**139.** भुगतान संतुलनश शब्द का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके सन्दर्भ में किया जाता है ?
(A) एक कारखाने के वार्षिक विक्रय से
(B) कर संग्रह से
(C) आयात-निर्यात से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**140.** विदेशी व्यापार का भुगतान सम्बन्धित है -
(A) आयात के गुणों से
(B) निर्यात के गुणों से
(C) विदेशी व्यापार गुणक से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**141.** अंतराष्ट्रीय व्यापार का मूल आधार है -
(A) निरपेक्ष लाभ तथा तुलनात्मक लाभ दोनों
(B) केवल निरपेक्ष लाभ
(C) केवल सापेक्ष लाभ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**142.** सुपर 301 है ?
(A) यह भारत द्वारा विकसित एक सुपर कम्पूटर का ब्राण्ड नाम है
(B) चावल की नई विकसित किस्म है
(C) अमेरिकी व्यापार कानून की वह धारा जो उन्हें अपने आयात पर उच्च सीमा शुल्क लगाने की शक्ति देती है
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**143.** कराधान का उपकरण है -
(A) मौद्रिक निति का
(B) राजकोषीय निति का
(C) कीमत निति का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**144.** भारत में सेवा कर किस वर्ष प्रारंभ किया गया था ?
(A) 1994-95
(B) 1996-97
(C) 1998-99
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**145.** भारत का वितीय वर्ष प्रारम्भ होता है -
(A) 1 जनवरी
(B) 1 मार्च
(C) 1 अप्रैल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**146.** बजट एक लेख-पत्र है-
(A) सरकार की मौद्रिक नीति का
(B) सरकार की वाणिज्य नीति का
(C) सरकार की राजकोषीय नीति का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**147.** शून्य आधारित बजट का क्या अर्थ है ?
(A) असीमित घाटे की वित्त वयवस्था
(B) अनित्पादक व्यय की कटौती न करना
(C) नए कार्यक्रमों का मूल्यांकन न करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**148.** केन्द्रीय बजट 2023-24 में सरकार ने कुल कितनी खर्च का अनुमान प्रस्तुत किया है? -
(A) 45.03 लाख करोड़
(B) 50.03 लाख करोड़
(C) 37.04 लाख करोड़
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**149.** बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से किस अवधि को अमृत काल कहा गया है?
(A) आजादी से 100 साल तक की अवधि
(B) 2001 से 2050 की अवधि
(C) आजादी की 75 वीं वर्षगांठ से 100 वर्षगांठ की अवधि
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**150.** बजट 2023-24 में 5जी आधारित एप्लीकेशन विकसित करने के लिए पूरे देश में कितने लैब स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है?
(A) 25
(B) 100
(C) 500
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

रफ कार्य हेतु / Rough Work